# UP के सिंगल विण्डो पोर्टल – 'निवेश मित्र' को मिला कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इण्डिया का 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस'

in Main Slide, उत्तर प्रदेश, कारपोरेट, विविध, विशेष ख़बर February 12, 2021 0 275 Views

निवेश मित्र के प्रारम्भ होने के बाद से अब तक सिंगल विंडो पोर्टल पर 3,27,502 आवेदन प्राप्त हुए हैं




जिसमें से 95 प्रतिशत की निस्तारण दर के साथ लगभग 83 प्रतिशत, अर्थात् 2,77,335 स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई

लखनऊ | उत्तर प्रदेश सरकार के सिंगल विण्डो पोर्टल – 'निवेश मित्र' को आज लखनऊ में कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इण्डिया (सीएसआई) के प्रतिष्ठित 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया। उद्यमियों और उद्योगपतियों को राज्य में अपनी इकाइयों एवं उद्यमों को स्थापित करने और संचालित करने के लिए विकसित किए गए उत्कृष्ट ऑनलाइन इंटरफेस – निवेश मित्र को यह पुरस्कार 'प्रोजेक्ट श्रेणी' में प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव – श्री एस पी गोयल, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की सचिव एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), श्रीमती नीना शर्मा और जिलाधिकारी, हरदोई, श्री अविनाश कुमार को यह पुरस्कार आज यहां 18वें सीएसआई स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ई-गवर्नेंस अवार्ड्स 2020 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने प्रदान किया।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में निवेश मित्र के महत्व को रेखांकित करते हुए, अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, श्री अरविंद कुमार ने बताया कि फरवरी 2018 में निवेश मित्र के प्रारम्भ होने के बाद से अब तक सिंगल विंडो पोर्टल पर 3,27,502 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 95 प्रतिशत की निस्तारण दर के साथ लगभग 83 प्रतिशत, अर्थात् 2,77,335 स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं।
ज्ञात हो कि निवेश मित्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी द्वारा उ.प्र. इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 21 फरवरी, 2018 को किया गया था।

सिंगल विंडो पोर्टल "निवेश मित्र" के सुदृढ़ीकरण के परिणामस्वरूप, अब कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म (सीएएफ) के माध्यम से कहीं से भी कभी भी ऑनलाइन आवेदन जमा करना संभव है। अब तक 27 विभागों का ¬प्रारम्भ से अंत कम्प्यूटरीकरण किया गया है, जो निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमों व उद्योगों को 200 से अधिक सेवाएं प्रदान करते हैं।

सीईओ, इन्वेस्ट यूपी, श्रीमती नीना शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान लगभग 130 सेवाओं को निवेश मित्रा के साथ एकीकृत किया गया है और 50 और सेवाएँ पाइपलाइन में हैं।
निवेश मित्र की शिकायत निवारण प्रणाली को अब तक 25,084 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 99 प्रतिशत, यानी 24,836 को सफलतापूर्वक हल कर लिया गया है। इसके अलावा पोर्टल के उपयोगकर्ता फीडबैक मॉड्यूल को अब तक उद्यमियों से 1,48,883 फीडबैक मिले हैं, जिनमें से 75 प्रतिशत (24,836) उपयोगकर्ताओं ने सिस्टम को 'संतोषजनक' माना है।
राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन और सुविधा संस्था – 'इन्वेस्ट यूपी' निवेश मित्र पोर्टल के इसके संचालन और रखरखाव के प्रबंधन के लिए नोडल एजेंसी है।
सिंगल विण्डो पोर्टल पर चेकलिस्ट, आवेदन करने, उद्यम की स्थापना से पूर्व एवं बाद में आवश्यक सभी अनापत्ति प्रमाण-पत्रों, लाइसेंसों, पंजीकरण और अन्य अनिवार्य अनुमोदनों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। अनिवार्य लाइसेंसों के अतिरिक्त अब सेक्टर-विशिष्ट लाइसेंसिंग सेवाएं, जैसे- मूवी शूटिंग, आबकारी, कृषि क्षेत्र, चिकित्सा स्वास्थ्य और भूविज्ञान और खनिकर्म से संबंधित लाइसेंसिंग सेवाएं भी निवेश मित्र के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं।
1965 में स्थापित की गई कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इण्डिया भारत के कंप्यूटर पेशेवरों की एक गैर-लाभकारी सोसाइटी है, जो सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के सभी वर्गों के बीच अनुसंधान, ज्ञान साझा करने, आईटी पेशेवरों की सभी श्रेणियों के बीच शिक्षा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के लिए आईटी जनित लाभ सुनिश्चित करती है।